नगर आयुक्त सहित नगर निगम के अन्य अधिकारियों ने किया स्थलीय निरीक्षण

तेजस टूडे ब्यूरो

आकाशदीप

शाहजहांपुर। नगर आयुक्त द्वारा सफाई व्यवस्था के सम्बन्ध में दिये गये निदेर्शों के क्रम रविवार को प्रातः 6 बजे से चलाया गया विशेष अभियान। नगर आयुक्त सहित नगर निगम के अन्य अधिकारियों द्वारा नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का किया गया स्थलीय निरीक्षण। जानकारी के अनुसार नगर आयुक्त संतोष शर्मा द्वारा रविवार को प्रातः 6 बजे नगर क्षेत्र के मो0 रामनगर कालोनी में कराए जा रहे सफाई के कार्य एवं अंटा चौराहे के पास बने नाले की कराई जा रही सफाई के कार्य का निरक्षण कर नगर आयुक्त द्वारा अपनी देखरेख में कराया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा क्षेत्रों में कार्य कर रहें स्वच्छता कर्मियों से वार्ता कर उनको सफाई व्यवस्था को दुरस्त रखने के विशेष निर्देश दिये गये। साथ ही नियमित रुप से नाले-नालियों की सफाई कर निकलने वाली सिल्ट का भी तत्काल निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय द्वारा सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों के साथ सफाई व्यवस्था की समुचित व्यवस्था के लिये तैनात किये गये अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से अपने क्षेत्र में भ्रमण कर सफाईकेकार्यको अपनी देखरेख में करायें। नगर आयुक्त द्वारा संबन्धित को निर्देशित किया गया कि नगर क्षेत्र में बनी सड़क के किनारे-किनारे लगी झाड़ियों को नियमित रुप से हटवाया जायें। निरीक्षण के दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार एवं हरवंश कुमार दीक्षित उपस्थित रहे।